Jagran

आरआरबी अधिकारी, ऑफिस असिस्टेंट पदों के लिए परीक्षा नवंबर में

पटना। आइबीपीएस क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) में स्केल 1, 2 एवं 3 के अधिकारियों एवं ऑफिस असिस्टेंट (मल्टीपर्पज) के पदों पर भर्ती के लिए नवंबर एवं दिसंबर में ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन करेगा। अधिकारी स्केल-1 एवं ऑफिस असिस्टेंट के पद के लिए ऑनलाइन परीक्षा दो चरणों में होगी- प्रारंभिक एवं मुख्य। ऑफिस असिस्टेंट के पद के लिए चयन मुख्य परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा।

स्केल 2 एवं 3 के जेनरलिस्ट एवं स्पेशलिस्ट अधिकारी पदों के लिए एक चरण की ऑनलाइन परीक्षा होगी एवं अगले चरण के लिए क्वालिफाई करने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के चरण से गुजरना होगा। आइबीपीएस आरआरबी परीक्षा के माध्यम से 56 बैंकों में रिक्तियां भरी जाएंगी।

ऑफिसर स्केल-1 की प्रारंभिक परीक्षा 5 एवं 6 नवंबर को होगी। ऑफिस असिस्टेंट की की परीक्षा 12, 13 एवं 19 नवंबर को होगी। ऑफिसर स्केल-1 की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम नवंबर और ऑफिस असिस्टेंट का इस वर्ष दिसंबर में जारी होगा। ऑफिसर स्केल 1, 2 एवं 3 की मुख्य परीक्षा 11 दिसंबर और ऑफिस असिस्टेंट की मुख्य परीक्षा 18 दिसंबर को होगी। मुख्य परीक्षा का परिणाम भी दिसंबर में ही जारी होगा। स्केल 1, 2 एवं 3 के अधिकारी पदों के लिए साक्षात्कार अगले वर्ष जनवरी में होंगे।

: महत्वपूर्ण तिथियां :

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन - 14 से 30 सितंबर तक

आवेदन फीस का भुगतान - 14 से 30 सितंबर तक